ORANGE GLOBAL OLYMPIAD

School Level Examination

SLE 2023

GRADE 4

# हिंदी

Subject Code: 6 0 1

**Total Questions:** 30

**Time:** 1 hour

**प्रश्न-पत्र को तब तक न खोले जब तक कि ऐसा करने के लिए कहा न जाए।**

- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- **उत्तर-पत्रिका** पत्र पर दिए गए निर्देशों को पढ़े और अपना **नाम**, **कक्षा और अन्य सूचना** भरें।
- **उत्तर-पत्रिका** में सभी उत्तर दिखाने के लिए गोलाकार खानों को केवल **एच बी पेंसिल** से भरें।
- **उत्तर-पत्रिका** में सभी उत्तर प्रश्न संख्या के सामने दिए गए संबंधित गोलाकार खानों में **अंकित** करें।
- इस प्रश्न-पत्र में कुल 30 **बहुविकल्पी प्रश्न** हैं। दी गई सूचनाओं के आधार पर **सबसे सही** उत्तर विकल्पों में से चुनें।
- प्रश्न-पत्र में **नकारात्मक अंक गणना नहीं** होगी।
- परीक्षा-कक्ष छोड़ने से पहले परीक्षार्थी **उत्तर-पत्रिका** निरीक्षक को सौंप दें।
- मोबाइल फोन, कैलकुलेटर आदि का प्रयोग पूर्णत: **निषेध** है। प्रश्न-पत्र में उपलब्ध खाली जगहों पर रफ कार्य किया जा सकता है।

**निर्देश: इस प्रश्न-पत्र में 30 बहुविकल्पी प्रश्न हैं। इनमें से प्रत्येक के चार विकल्प हैं। जिसमें से केवल एक विकल्प सही है। विद्यार्थी को एक सही विकल्प का चयन करना है।**

**1. किस वाक्य में रेखांकित पद क्रिया नहीं है?**

(A) वे आए और मुझे डाँटने लगे।
(B) वह दो घंटे सोकर गया है।
(C) झूठ बोलकर तुम इनाम नहीं जीत सकते।
(D) आज बारिश आएगी।

**2. 'जिसका मूल्य न आँका जा सके' वाक्यांश के लिए एक शब्द है–**

(A) कीमती
(B) अमूल्य
(C) मूल्यरहित
(D) मँहगा

**3. कोलकाता किस नदी के किनारे पर बसा हुआ है?**

(A) यमुना
(B) हुगली
(C) ब्रह्मपुत्र
(D) कावेरी

**4. किस वाक्य में रेखांकित संज्ञा शब्द व्यक्तिवाचक संज्ञा है?**

(A) घोड़े मैदान में दौड़ रहे हैं।
(B) सब खिलाड़ी मैच खेल रहे हैं।
(C) करीम मस्ज़िद गया है।
(D) धोबी कपड़े नहीं लाया।

**5. कौन-सा शब्द 'वृक्ष' शब्द का पर्याय नहीं है?**

(A) पेड़
(B) पौधा
(C) विटप
(D) तरु

**6. 'आप कहाँ रहते हैं' वाक्य के अंत में कौन-सा विराम चिह्न आना चाहिए?**

(A) पूर्णविराम
(B) प्रश्नवाचक
(C) अल्पविराम
(D) अर्धविराम

**7. 'मुझको' सर्वनाम रूप किस सर्वनाम तथा परसर्ग से मिलकर बना है?**

(A) मुझ + को

(B) मुझे + को

(C) मैं + को

(D) तीनों उत्तर ग़लत।

**8. 'अतीथी' शब्द का सही रूप है–**

(A) अतीथि

(B) अतिथी

(C) अतिथि

(D) अतथी

**9. 'इस दुकान को ताजा गन्ना कू रस मिलता।' वाक्य का सही रूप है–**

(A) इस दुकान को ताजा गन्ना का रस मिलता है।

(B) इस दुकान पर ताजा गन्ना का रस मिलता है।

(C) इस दुकान पर गन्ना का ताजा रस मिलता है।

(D) इस दुकान पर गन्ने का ताजा रस मिलता है।

**10. 'विद्यालय' शब्द का सही वर्ण-विच्छेद है–**

(A) व् + ई + ध् + य् + ल् + अ + य् + अ

(B) व् + इ + द् + य् + आ + ल् + अ + य् + अ

(C) व् + इ + ध् + य् + अ + ल् + अ + य् + अ

(D) व् + इ + द् + इ + आ + ल् + अ + य् + अ

**11. 'हरा देना' अर्थ किस मुहावरे का है?**

(A) नाक में दम करना

(B) कान भरना

(C) दाँत खट्टे करना

(D) पीठ दिखाना

12. 'बाल दिवस' किसकी याद में मनाया जाता है?

(A) इंदिरा गांधी

(B) महात्मा गांधी

(C) सरदार वल्लभभाई पटेल

(D) पं० जवाहर लाल नेहरू

13. कौन-सा वर्ण स्वर का है?

(A) ड़

(B) र

(C) अं

(D) ऋ

14. कौन-सा शब्द द्रव्यवाचक संज्ञा का उदाहरण है?

(A) सेना

(B) अमेरिका

(C) लकड़ी

(D) कक्षा

15. कौन-सा शब्द 'धूप' शब्द का विलोम है?

(A) ठंडक

(B) छाया

(C) संध्या

(D) अँधेरा

16. पंजाबी भाषा की लिपि कौन-सी है?

(A) पंजाबी

(B) सिंधी

(C) गुरुमुखी

(D) देवनागरी

17. 'म् + इ + ठ् + आ + ई' वर्णों के मेल से बना सही शब्द है–

(A) मीठाई

(B) मठाई

(C) मिटाई

(D) मिठाई

**18. किस वाक्य में रेखांकित क्रिया अकर्मक क्रिया है?**

(A) बच्चों ने एक निबंध लिखा है।
(B) माँ ने मिठाई बनाई है।
(C) मैंने एक मकान खरीदा है।
(D) वे लोग अपने घर गए हैं।

**19. कौन-सा शब्द 'माँ' शब्द का पर्याय नहीं है?**

(A) जननी
(B) सुता
(C) अंबा
(D) माता

**20. ( : ) चिह्न का नाम है–**

(A) विसर्ग
(B) विराम-चिह्न
(C) अनुनासिक
(D) तीनों उत्तर .गलत।

**21. कौन-सा शब्द है जो हमेशा स्त्रीलिंग के रूप में ही इस्तेमाल होता है?**

(A) पैन
(B) छाता
(C) सोना
(D) चाबी

**22. कौन-सा वाक्य शुद्ध है?**

(A) झूठ नहीं बोलो।
(B) झूठ न बोलो।
(C) झूठ मत बोलो।
(D) तीनों उत्तर .गलत।

**23. किस शब्द का बहुवचन रूप ग़लत है?**

(A) चिड़िया – चिड़ियों
(B) कथा – कथाएँ
(C) भाषा – भाषाएँ
(D) पुस्तक – पुस्तकें

**24. किस वाक्य में ग़लत विराम-चिह्न का प्रयोग हुआ है?**

(A) आप मेरे साथ चलिए।
(B) छि! कितनी गंदी जगह है।
(C) क्या आपने खाना खा लिया?
(D) वह बाजार से फल, और सब्ज़ी लाया।

**25. निम्नलिखित में से कौन त्रिदेव के अंतर्गत नहीं आता?**

(A) ब्रह्मा
(B) विष्णु
(C) महेश
(D) इंद्र

**26. किस शब्द में द्वित्व व्यंजन का प्रयोग हुआ है?**

(A) रिक्शा
(B) दर्पण
(C) गन्ना
(D) बुड्ढा

**27. वर्तनी की दृष्टि से कौन-सा शब्द शुद्ध है?**

(A) हात
(B) दरशन
(C) आयू
(D) शक्ति

**निर्देश:** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्न संख्या 28 से 30 के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

**मोती, राजा साहब की खास सवारी का हाथी था। यों तो वह बहुत सीधा और समझदार था, पर कभी-कभी उसका मिजाज़ गर्म हो जाता था और वह आपे में न रहता था। एक बार इसी पागलपन में उसने अपने महावत को मार डाला। राजा साहब ने यह खबर सुनी तो उन्हें बहुत क्रोध आया। हाथी को राजा साहब की सवारी से निकाल दिया गया। कुलियों की तरह उसे लकड़ियाँ ढोनी पड़तीं, पत्थर लादने पड़ते और शाम को वह पीपल के नीचे मोटी ज़ंजीरों से बांध दिया जाता। खाने के लिए उसके सामने सूखी टहनियाँ डाल दी जाती थीं और उन्हीं को चबाकर वह भूख की आग बुझाता।**

**28. राजा साहब की खास सवारी क्या थी?**

(A) घोड़ा
(B) हाथी
(C) बैल
(D) ऊँट

**29. मोती के विषय में कौन-सी बात ग़लत है?**

(A) मोती एक हाथी था।

(B) मोती पर राजा साहब सवारी करते थे।

(C) मोती दुष्ट और नासमझ था।

(D) कभी-कभी मोती का मिजाज़ गर्म हो जाता था।

**30. महावत को मार डालने की मोती को क्या सज़ा मिली?**

(A) राजा साहब की सवारी से हटा दिया गया।

(B) कुलियों की तरह उसे लकड़ियाँ और पत्थर ढोने पड़े।

(C) रात को पीपल के नीचे मोटी ज़जीरों से बाँधा जाने लगा।

(D) उपरोक्त तीनों।

GRADE
4

हिंदी